**SET-4**

**Series SGN**

कोड नं.
Code No. **62**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **25** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **7** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **25** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# समाजशास्त्र

# SOCIOLOGY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *प्रश्नों की कुल संख्या* ***25*** *है ।*

*(ii)* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या* ***1 – 14*** *तक लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के* ***2*** *अंक हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***30*** *शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या* ***15 – 21*** *तक दीर्घ-उत्तर वाले प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के* ***4*** *अंक हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***80*** *शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या* ***22 – 25*** *तक अति दीर्घ-उत्तर वाले प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के* ***6*** *अंक हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***200*** *शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए । प्रश्न संख्या* ***25*** *का उत्तर दिए गए अनुच्छेद के आधार पर देना है ।*

***General Instructions :***

*(i)* *There are* ***25*** *questions in all.*

*(ii)* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(iii)* *Questions no.* ***1 – 14*** *are short-answer type questions carrying* ***2*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***30*** *words.*

*(iv)* *Questions no.* ***15 – 21*** *are long-answer type questions carrying* ***4*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***80*** *words.*

*(v)* *Questions no.* ***22 – 25*** *are very long-answer type questions carrying* ***6*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***200*** *words. Question no.* ***25*** *is to be answered on the basis of the passage given.*

**1.** जनसंख्या की आयु संरचना का अर्थ क्या होता है ? *2*

What is meant by the age structure of the population ?

**2.** वे कौन-से दो महत्त्वपूर्ण कारण थे जिनसे जनजातीय आंदोलनों का जन्म हुआ ? *1+1=2*

What are the two important issues which gave rise to tribal movements ?

3. लेस्-ए-फेयर (अहस्तक्षेप) का अर्थ क्या होता है ? *2*

What is meant by laissez-faire ?

4. क्षेत्रवाद को बढ़ावा देने वाले कोई दो कारक बताइए । *1+1=2*

State any two factors that encourage regionalism.

5. अल्पसंख्यकों को संवैधानिक सुरक्षा क्यों प्रदान की जानी चाहिए ? *2*

Why should the minorities be given constitutional protection ?

6. औपनिवेशिक कानून किस प्रकार चाय बाग़ानों के मालिकों और व्यवस्थापकों का समर्थन करते थे ? *2*

How did colonial laws favour the owners and managers of tea plantations ?

7. परिवर्तन की एक प्रक्रिया के रूप में संस्कृतीकरण की व्याख्या कीजिए । *2*

Explain Sanskritization as a process of change.

8. निचले स्तर के लोगों को न्याय दिलवाने में न्याय पंचायतों की क्या भूमिका है ? *2*

What is the role of Nyaya Panchayats in providing justice at grass root levels ?

9. बेनेडिक्ट एंडरसन द्वारा लिखे गए विचार 'कल्पना समुदाय' के बारे में आप क्या जानते हैं ? *2*

What do you understand by the idea of 'imagined communities' that Benedict Anderson wrote of ?

10. राष्ट्रीय दैनिक क्या होते हैं ? किन्हीं दो के नाम बताइए । *1+1=2*

What are national dailies ? Name any two.

11. समाचार-पत्रों के क्षेत्र में स्व-संचालन से क्या परिवर्तन आए ? *2*

How has automation brought about a change in the making of the newspaper ?

**12.** सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार से आप क्या समझते हैं ? *2*

What do you understand by Universal Adult Franchise ?

**13.** बॉम्बे कपड़ा मिल मज़दूरों की माँगें क्या थीं ? *2*

What were the demands of the Bombay textile workers ?

**14.** सुधारवादी और क्रांतिकारी आंदोलन के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए । *1+1=2*

Differentiate between Reformative and Revolutionary Movement.

**15.** जनांकिकीयविद् और समाजशास्त्रियों के अनुसार भारत में बाल लिंग अनुपात में गिरावट आने के क्या कारण हैं ? *4*

**अथवा**

भारत में प्रतिस्थापन के स्तरों के क्षेत्रीय विविधताओं के कारण बताइए ।

According to demographers and sociologists, what are the reasons for the decline in child sex ratio in India ?

**OR**

Identify the reasons for regional variations of displacement levels in India.

**16.** 'जनजातीय लोगों को शेष भारतीय समाज के विकास के लिए अनुपात से अधिक कीमत चुकानी पड़ी ।' 'राष्ट्रीय विकास' और 'जनजातीय विकास' में संघर्ष के स्रोतों पर प्रकाश डालिए । *4*

'Tribals have paid a disproportionate price for the development of the rest of Indian society.' Highlight the sources of conflict between 'national development' and 'tribal development'.

**17.** क्या आप सहमत हैं कि भारत में उदारीकरण की नीति से सभी वर्गों को लाभ हुआ है ? उदाहरण सहित अपने उत्तर का औचित्य सिद्ध कीजिए । *4*

Do you agree that all sections of people have benefitted from the liberalization policy in India ? Justify your answer with example.

**18.** लोकतांत्रिक और अधिनायकतंत्रीय (सत्तावादी) राज्य के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए । *2+2=4*

**अथवा**

सामुदायिक पहचान क्या होती है ? भारतीय नीतियाँ राष्ट्रीय पहचान को किस प्रकार बढ़ावा देतीं हैं ?

Differentiate between a democratic and an authoritarian State.

**OR**

What is community identity ? How have Indian policies promoted national identity ?

**19.** ऐतिहासिक दृष्टि से तटीय नगर साम्राज्यों की अर्थव्यवस्था में क्या भूमिका निभाते थे ? *4*

Historically, what role did coastal cities play in the economic system of empires ?

**20.** 'विभिन्न समाज सुधार आंदोलन समान विषय पर आधारित होते हुए भी भिन्न थे ।' व्याख्या कीजिए । *4*

'The varied social reform movements had common themes yet were different.' Explain.

**21.** पंचायतों के सामाजिक उत्तरदायित्व क्या होते थे ? *4*

What were the social responsibilities of the Panchayats ?

**22.** हरित क्रांति के लाभ और हानियों की विवेचना कीजिए । *3+3=6*

Discuss the advantages and disadvantages of Green Revolution.

**23.** क्या वैश्विक (भूमंडलीय) संबंध भारत और विश्व के लिए नए हैं ? विवेचना कीजिए । *6*

Are global connections new to India and the world ? Discuss.

**24.** ख़ानों में काम करने की स्थिति मज़दूरों के लिए किस प्रकार हानिकारक है ? *6*

How are the working conditions in mines detrimental for the workers ?

**25.** नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

भारत में 'निर्योग्य', 'बाधित', 'अक्षम', 'अपंग', 'अंधा' और 'बहरा' जैसे विशेषणों का प्रयोग लगभग एक ही भाव को दर्शाने के लिए किया जाता है । अक्सर किसी व्यक्ति का अपमान करने के लिए उस पर इन शब्दों की बौछार कर दी जाती है । एक ऐसी संस्कृति में जहाँ शारीरिक 'पूर्णता' का आदर किया जाता हो, 'पूर्ण शरीर' न होने का अर्थ है कि उसमें कोई असामान्यता, दोष या ख़राबी है । 'बेचारा' जैसे विशेषणों से संबोधित करने पर तो उसकी पीड़ित परिस्थिति और भी विकट हो जाती है । ऐसी सोच का मूल कारण उस सांस्कृतिक संकल्पना में निहित है जो असमर्थ या दोषपूर्ण शरीर को दुर्भाग्य का परिणाम मानती है । नियति (भाग्य) को दोषी और निर्योग्य व्यक्ति को उसका शिकार माना जाता है । आम धारणा यह है कि विकलांगता पुराने कर्मों का फल है और उससे छुटकारा नहीं पाया जा सकता । इस प्रकार भारत में प्रचलित प्रमुख सांस्कृतिक विचारधारा एवं संरचना विकलांगता को आवश्यक रूप से व्यक्ति की विशेष स्थिति मानती है जिसे उस व्यक्ति को भुगतना पड़ता है । पौराणिक कथाओं में विकलांग की जो छवि चित्रित की गई है वह अत्यंत नकारात्मक है ।

'अन्यथा सक्षम' शब्द इनमें से किसी भी अवधारणा को स्वीकार नहीं करता । 'मानसिक रूप से चुनौतीग्रस्त' (mentally challenged) 'दृष्टिबाधित' (visually impaired) और 'शारीरिक रूप से बाधित' (physically impaired) जैसे शब्दों का प्रयोग अब पुराने घिसे-पिटे नकारात्मक भाव व्यक्त करने वाले शब्दों जैसे, 'मंदबुद्धि', 'अपंग' अथवा 'लंगड़ा-लूला' आदि के स्थान पर किया जाने लगा है । विकलांग अपनी जैविक अक्षमता के कारण विकलांग नहीं होते, बल्कि समाज ही उन्हें ऐसा बनाता है ।

(अ) हमारे देश में अक्षम जनसंख्या कौन बनाता है ? *2*

(ब) क्या आप सोचते हैं कि अक्षम व्यक्ति अपनी जैविक अक्षमता के कारण विकलांग नहीं होते, बल्कि समाज ही उन्हें ऐसा बनाता है ? व्याख्या कीजिए । *4*

Read the passage given below and answer the following questions :

In India labels such as 'disability', 'handicap', 'crippled', 'blind' and 'deaf' are used synonymously. Often these terms are hurled at people as insults. In a culture that looks up to bodily 'perfection', all deviations from the 'perfect body' signify abnormality, defect and distortion. Labels such as *bechara* (poor thing) accentuate the victim status for the disabled person. The roots of such attitudes lie in the cultural conception that views an impaired body as a result of fate. Destiny is seen as the culprit, and disabled people are the victims. The common perception views disability an retribution for past *karma* (actions) from which there can be no reprieve. The dominant cultural construction in India therefore looks at disability as essentially a characteristic of the individual. The popular images in mythology portray the disabled in an extremely negative fashion.

The very term 'disabled' challenges each of these assumptions. Terms such as 'mentally challenged', 'visually impaired' and 'physically impaired' came to replace the more trite negative terms such as 'retarded' 'crippled' or 'lame'. The disabled are rendered disabled not because they are biologically disabled but because society renders them so.

(a) Who form the disabled population in our country ?

(b) Do you think disabled are rendered disabled not because they are biologically disabled but because society rendered them so ? Explain.